हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 27 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 बेतवा नदी के रिपटा घाट पर सैकड़ों लोगों ने पितरों के लिए किया तर्पण



07 कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं विद्यार्थियों...



खबर संक्षेप

आज लगेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर

विदिशा। श्रीहित हरिवंश कल्याण समिति (मध्यभारत) के प्रयासों से आज रविवार को रीठा फाटक चौराह स्थित राधा देवी परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप शिविर लगेगा। भोपाल के आनंदम हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देंगे।शिविर में हड्डी-जोड़, कमर दर्द, पेट संबंधी रोग, स्त्री रोग, पीसीओएस, किडनी व प्रोस्टेट, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, माइग्रेन, स्ट्रोक, अस्थमा और लिवर सहित विभिन्न रोगों के मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा।

कायस्थ समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 2 अक्टूबर को होगा

विदिशा। श्री कायस्थ सभा विदिशा द्वारा स्व. ओमकार प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में 6वां कायस्थ गौरव-चित्रांश विद्या प्रतिभा सम्मान समारोह 2 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे लाल बहादुर शास्त्री सभागार कायस्थ धर्मशाला शेरपुरा में होगा। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में आईआईटी, नीट, पीएटी, गेट, कैट, एसएससी, सीए, बैंक, एलआईसी, रेलवे, पीएससी, आईएएस, आईपीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाओं तथा प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर 75 वर्ष से अधिक आयु के समाजजनों को कायस्थ गौरव-चित्रांश वटवृक्ष सम्मान भी दिया जाएगा। पात्र प्रतिभाएं 27 सितंबर तक प्रमाण-पत्र व फोटो जमा कराएं।

दिव्यांग बच्चों को बांटे कपड़े, पौधरोपण किया

विदिशा। भारत भारती जैन मंडल ने दिव्यांग बालक छात्रावास में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल की ओर से छात्रावास में रह रहे सभी 30 दिव्यांग छात्रों को शर्ट-पेंट वितरित किए गए। इस दौरान फलदार पौधे का पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ जैन एवं अनुशिखा का विशेष सहयोग रहा।

प्रतियोगिता आयोजित

गुलाबगंज। शासकीय कॉलेज गुलाबगंज में सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक प्रिया सिंह, सहायक प्राध्यापक पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रेरित किया।

प्रहलाद सिंह पंथी बने प्रदेश संगठन मंत्री

गुलाबगंज। अखिल भारतीय कोली समाज नई दिल्ली की मध्य प्रदेश कोली कोरी समाज शाखा द्वारा विदिशा निवासी प्रहलाद सिंह पंथी को प्रदेश संगठन मंत्री मध्य प्रदेश नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह कोली द्वारा नियुक्ति पत्र में यह जिम्मेदारी सौंपी गई ।

ठेकेदार की मनमानी से सफाई व्यवस्था प्रभावित, लगे कचरे के ढेर

ड्राइवरों को 2 माह से वेतन नहीं मिला रोक दिया कचरा वाहनों का संचालन

शहर के सभी वार्डों में प्रतिदिन डोट टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली कंपनी ने कचरा वाहनों के पहिए रोक दिए हैं। जिसके कारण शहर के 39 वार्डों में दो दिन से कचरा नहीं उठा है। कारण है कचरा वाहन चलाने वाले कंपनी के कर्मचारियों को दो माह से वेतन न मिलना। ड्राइवरों का कहना है कि ठेकेदार के आदेश पर कचरा उठाना बंद किया है। ठेकेदार ने कहा है कि जब तक भुगतान नहीं होगा, कचरा गाड़ियां नहीं चलेगी। शहर से कचरा उठाने वाले गाड़ियों को परिसर में खड़ा कर गेट बंद कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर के 39 वार्डों में घर-घर से कचरा उठाने वाली कंपनी ने वाहनों का संचालन रोक दिया है। कचरा कलेक्शन ठेकेदार को दो माह से नगरपालिका ने भगुतान नहीं किया है। उसके कारण कचरा उठाना बंद किया गया है। शुक्रवार और शनिवार दो दिन से शहर का कचरा नहीं उठाया गया है।

सुपरवाइजर हेमेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि ड्राइवर और हेल्परों को 2 महीने से वेतन नहीं मिला है। इसलिए उन्होंने हड़ताल कर दी है। ड्राइवर अनिल कुशवाह ने बताया कि 22 ड्राइवरों को वेतन नहीं मिला है। ठेकेदार ने कहा है कि जब तब वेतन न मिले गाड़ी नहीं निकालना। जिस कंपनी को कचरा कलेक्शन का टेंडर दिया गया है उसने टेंडर मिलने के बाद से ही मनमानी शुरू कर दी थी। शुरू में तो चार-चार दिन तक कचरा कलेक्शन नहीं किया गया। जब सोशल मीडिया के मध्यम से लोगों ने आवाज उठाई तब कहीं जाकर नियमित कचरा उठना शुरू हुआ। हालांकि इसकी मॉनिटरिंग के लिए घरों के बाहर उपकरण लगाया गया है। जिससे पता चल सके की कचरा वाहन कहां तक गया। रहवासियों का कहना है कि नगर पालिका ने सफाई और कचरा संग्रहण की जिम्मेदारी निजी कंपनी को सौंप रखी है, लेकिन ठेकेदार और कंपनी की आपसी व्यवस्था का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि वे रोजाना शिकायत कर रहे हैं, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा।



विदिशा। शहर से कचरा उठाने वाले वाहनों को ताले में बंद कर भागा ठेकेदार। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर।

निजी कंपनी से बेहतर संचालन करती थी विदिशा नगरपालिका

बता दें की निजी कंपनी को ठेका देने से पहले नगरपालिका स्वयं कचरा वाहनों का संचालन करती थी, जो कंपनी से बेहतर था। कचरा वाहन नियमित रूप से वार्डों में पहुंचते थे और उनका समय भी तय था। लेकिन निजी कंपनी द्वारा संचालित वाहन कभी सुबह 7 बजे आ जाते हैं तो कभी दोपहर 2 :30 बजे। लोग नहा धोकर पूजन पाठ के लिए निकलते हैं और कचरे की गाड़ी आकर खड़ी हो जाती है। जिससे सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है। कंपनी शुरू से ही मनमानी कर रही है।

निगरानी व्यवस्था पर भी उठे सवाल

निजी कंपनी को काम सौंपने के बाद नगर पालिका की ओर से उसकी नियमित निगरानी और कर्मचारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि सफाई व्यवस्था जैसी आवश्यक सेवा में कर्मचारियों के वेतन को लेकर इस तरह की स्थिति नहीं बननी चाहिए। नगर पालिका को तत्काल कचरा संग्रहण शुरू कराकर शहर में जमा कचरे का उठाव कराना चाहिए।

उठेगा कचरा

शहर के सभी वार्डों से कचरा कलेक्शन का काम टेंडर के माध्यम से निजी कंपनी को दिया गया है। भुगतान के ऑडिट में कुछ कमियां होने के कारण पेमेंट रुक गया था। जल्द से जल्द भुगतान कराने का प्रयास किया जा रहा है। ठेकेदार लौट आया है और आज से नियमित रूप से शहर के सभी वार्डों से कचरा कलेक्शन का काम शुरू करा दिया जाएगा।
- **राकेश शर्मा,** नपाध्यक्ष प्रतिनिधि।

विदिशा एसडीएम से उप सचिव बने गोपाल वर्मा ने किया कन्या स्कूल का निरीक्षण

कक्षाओं में छात्राओं से किया संवाद, पत्रिका का विमोचन



विदिशा। निरीक्षण के दौरान छात्राओं से संवाद करते हुए उप सचिव श्री वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जन विश्वास अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव गोपाल वर्मा ने शनिवार को गर्ल्स स्कूल का औचक निरीक्षण किया। गोपाल सिंह वर्मा विदिशा एसडीएम भी रह चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने विदिशा में कई सकारात्मक कार्य किए। उप सचिव बनने के बाद यह उनका पहला दौरा था। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, अनुशासन, छात्राओं की उपस्थिति और विभिन्न शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर उन्होंने विद्यालय के नवाचारों और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान वर्मा ने अलग-अलग कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षण कार्य देखा और छात्राओं से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर, पढ़ाई और विषयों की समझ की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से चर्चा कर विद्यालय में संचालित गतिविधियों, नामांकन, छात्राओं की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि छात्राओं की बेहतर उपस्थिति और नामांकन में वृद्धि के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। शिक्षकों को छात्र-केंद्रित शिक्षण पर जोर देते हुए नियमित मूल्यांकन और प्रत्येक छात्रा की व्यक्तिगत प्रगति पर ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं की प्रतिभा और रुचि के अनुरूप उन्हें आगे बढ़ाने के लिए शिक्षकों को सुझाव दिए। इस अवसर पर उप सचिव ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया। उन्होंने पत्रिका में विद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों और छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभाओं को स्थान देने की सराहना की। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अलका बागड़ी, एचसी सूर्यवंशी सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

आंगनबाड़ी में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

पार्षद ने पढ़कर सुनाया मुख्यमंत्री का संदेश, मनोरंजक गतिविधियों से बढ़ाया उत्साह

- बच्चों के विकास के लिए गतिविधियां कराई गईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जतरापुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद एडवोकेट कपिल रमेश साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश पढ़कर सुनाया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां कराई गईं। साथ ही बच्चों और माताओं को आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देकर मार्गदर्शन किया गया। उपस्थित हितग्राहियों का उत्साहवर्धन भी किया गया। पार्षद कपिल साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सुपोषण और प्रारंभिक शिक्षा की नींव हैं। उन्होंने 'मेरी आंगनबाड़ी, मेरी जिम्मेदारी' का संदेश देते हुए कहा कि इन केंद्रों की बेहतर व्यवस्था और बच्चों के विकास के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी विभागीय गतिविधियों और बच्चों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।



रात में निकला भगवान श्रीगणेश का चल समारोह, दूसरे दिन भी बेतवा पुल पर जारी रहा प्रतिमाओं का विसर्जन

गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गूंजा शहर

- बेतवा और जानकी कुंड में किया गया विसर्जन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अनंत चतुर्दशी पर शुक्रवार रात शहर में गणेश विसर्जन चल समारोह निकाला गया।

सजे-धजे रथों और वाहनों में गणेश प्रतिमाओं को लेकर विभिन्न गणेश समितियों के श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। चल समारोह के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं के दर्शन कर आरती उतारी। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर प्रतिमाओं का स्वागत किया गया। युवाओं में भी खासा उत्साह नजर आया। रात तक चल समारोह के चलते प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। पुलिस और प्रशासन की टीम यातायात व्यवस्था संभालती रही।



विदिशा। शनिवार सुबह तक चलता रहा भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन।

दूसरे दिन भी पहुंचीं गणेश प्रतिमाएं

अनंत चतुर्दशी के अगले दिन शनिवार को भी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। सुबह से ही बेतवा पुल क्षेत्र में छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाएं लेकर श्रद्धालु पहुंचे। पूजन-अर्चना और आरती के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कई परिवारों और गणेश समितियों ने शुक्रवार रात के बजाय शनिवार को प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान बेतवा पुल क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। प्रतिमाओं की विदाई के साथ शहर में दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन हुआ।

लंबित प्रकरणों के लिए शिविर आज

विदिशा। शिक्षा विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए रविवार 27 सितंबर को समस्या निदान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने बताया कि शिविर डाइट के हॉल में दोपहर 12 से 2 बजे तक लगेगा। इसमें पेंशन, ग्रेच्युटी, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, अवकाश नगदीकरण, विभागीय जांच, निलंबन सहित अन्य विभागीय मामलों की सुनवाई कर निराकरण की कार्रवाई की जाएगी। शिविर का उद्देश्य अधिकारी-कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित समाधान करना है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपने प्रकरण से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गर्ल्स कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग के क्रीड़ा कैलेंडर के तहत जिला स्तरीय महिला-पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई। पुरुष वर्ग में छह और महिला वर्ग में चार महाविद्यालयों ने भाग लिया। पुरुष एकल में शासकीय कॉलेज लटेरी के हुजेफा खान विजेता और पीएमसीओई विदिशा के अभ्युदय यश पाठक उपविजेता रहे। महिला वर्ग में मेजबान गर्ल्स कॉलेज की टीम विजेता तथा शासकीय एसजीएस महाविद्यालय गंजबासोदा की टीम उपविजेता रही। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने विजेताओं को बधाई दी। संचालन अस्मुरारी नंदन मिश्र और संयोजन डॉ. मनोज अहिरवार ने किया।

- पुरुष वर्ग में लटेरी के हुजेफा खान ने जीता खिताब।

अन्नपूर्णा सेवा समिति की बैठक आज

विदिशा। मां अन्नपूर्णा सेवा समिति द्वारा पिछले 12 वर्षों से आयोजित की जा रही ध्वज यात्रा को लेकर रविवार को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजपूत ने बताया कि बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा के साथ आगामी वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा घोषित की जाएगी। बैठक 27 सितंबर, रविवार को दोपहर 1 बजे अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट, माधवगंज में होगी। समिति ने शहर की माताओं, बहनों, भाइयों एवं बंधुओं से बैठक में शामिल होने की अपील की है। आयोजकों ने सभी से समय पर पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

बेतवा को कचरे से बचाने युवक की पहल, पुल पर फिर लिखवाया संदेश

सीधे बेतवा नदी में फेंकी जा रही है पूजन एवं अन्य सामग्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बेतवा नदी को कचरे और प्रदूषण से बचाने के लिए शहर के युवक पलाश श्रीवास्तव अपने स्तर पर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने खर्च से बेतवा पुल पर फ्लेक्स लगवाकर लोगों से नदी में कचरा नहीं डालने की अपील की थी। बाद में कुछ लोगों ने फ्लेक्स हटा दिए। इसके बावजूद पलाश ने अभियान जारी रखा। शनिवार को बेतवा पुल की दोनों साइड पेंटिंग के माध्यम से जागरूकता संदेश लिखवाया गया। इसमें स्पष्ट रूप से 'बेतवा नदी में कचरा न डालें और इसे प्रदूषित न करें' लिखा गया है। पुल से गुजरने वाले लोगों का ध्यान नदी की स्वच्छता की ओर आकर्षित करना इसका उद्देश्य है। पलाश ने कहा कि बेतवा विदिशा की पहचान है। इसे स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। लगातार जागरूकता से ही लोगों को नदी में कचरा फेंकने से रोका जा सकता है।



26 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलेगा पितृपक्ष

भाद्रपद पूर्णिमा पर बेतवा के बड़वाले घाट पहुंचे श्रद्धालु: तर्पण के साथ शुरू हुआ पितृपक्ष, प्रशासन ने घाटों पर बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष शुरू होते ही बेतवा नदी के बड़वाले घाट पर श्रद्धालु पहुंचने लगे।

लोगों ने जल, कुशा, काले तिल और दूध से पितरों का तर्पण किया। घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने पूर्वजों को याद कर श्राद्ध कर्म किए। पितृपक्ष 26 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलेगा। इन 16 दिनों में तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म किए जाएंगे। पितृपक्ष में तर्पण के बाद पितरों की पसंदीदा चीजों का भोग लगाया गया। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने पूर्वजों की आत्मा की शांति और उनके आशीर्वाद की कामना की।

पंडित राजेंद्र दुबे ने बताया कि बेतवा तट की धार्मिक मान्यता पुरानी है। मान्यता है कि यहां श्रीराम के चरण पड़े थे। कालिदास ने भी बेतवा की पवित्रता का उल्लेख किया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार पितृपक्ष में तर्पण करने से पितर प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं तर्पण के लिए परिवार के बड़े सदस्य की बाध्यता नहीं है। परिवार का कोई भी सदस्य तर्पण कर सकता है। उन्होंने बताया कि गया जी में पिंडदान करने के बाद भी पितृपक्ष में तर्पण करना जरूरी माना जाता है।

घाटों पर बढ़ाई सुरक्षा

पितृपक्ष में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने को देखते हुए पुलिस ने बड़वाले घाट, रामघाट और महल घाट सहित प्रमुख घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई है। होमगार्ड, एसडीआरएफ और आपदा मित्रों की टीम पितृपक्ष के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी।



खबर संक्षेप

कार्यकर्ता, सहायिका का किया सम्मान



गंजबासौदा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को वार्ड नंबर एक के आंगनवाड़ी केंद्र में समर्पित कार्यकर्ता सहायिका बहिनों का फूल माला से स्वागत-सम्मान किया गया।

ब्राह्मण समाज का मेधावी सम्मान समारोह आज



गंज बासौदा। ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को मानस भवन में दोपहर 12 बजे से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश भर के दिग्गज ब्राह्मण नेता सहित गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज के ऐसे छात्र-छात्रा जिन्होंने कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में 80% से अधिक अंक लाकर समाज का, नगर का और अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया है, साथ ही शिक्षा के अतिरिक्त खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी शानदार प्रदर्शन करके समाज एवं नगर का गौरव बढ़ाने वाली समाज की प्रतिभाओं को भी ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक, अटेर विधायक हेमंत कटारे, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ संजय कांबले, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुंदर शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश कटारे, मनोज कटारे एवं किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत दुबे मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में हनुमान अंश फिल्म में अभिनय करने वाले बाल कलाकार सात्विक शर्मा का भी विशेष स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा।

यूजीसी अधिनियम 2026 के विरोध में सर्व समाज को मिला जैन समाज का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



महावीर बिहार परिसर में आयोजित जैन समाज के क्षमावाणी कार्यक्रम के दौरान सर्व समाज संघ ने मुनि धर्मघोष विजय महाराज के दर्शन किए तथा एक सामाजिक बैठक कार्यक्रम में संघ के सदस्यों ने सहभागिता की। जहां यूजीसी (यूसीजी) अधिनियम 2026 को वापस लेने की मांग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सर्व समाज संघ के प्रमोद सिंह राजपूत ने आगामी 29 सितंबर को प्रशासन को सौंपे जाने वाले ज्ञापन के संबंध में अपनी बात रखकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान वक्ताओं ने यूजीसी अधिनियम के विभिन्न पहलुओं और इससे जुड़े सामाजिक सरोकारों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जैन समाज के मंत्री सतीश जैन ने कहा कि यूजीसी अधिनियम से जुड़ा यह विषय पूरे समाज के लिए एक अत्यंत ज्वलंत मुद्दा है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 29 सितंबर को दिए जाने वाले ज्ञापन में संपूर्ण जैन समाज एवं जैन महिला मंडल पूर्ण रूप से सहभागी रहेगा।

इस अवसर पर जैन समाज ने सर्व समाज संघ का आभार व्यक्त करते हुए ज्ञापन कार्यक्रम के पर्चे वितरित किए। इसी तरह सभी समाजों में जाकर कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न समाजों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, ब्राह्मण समाज से विकास मिश्रा, विपिन तिवारी, सुनील बाबू पिंगले, राजपूत समाज से प्रवीण प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, अमान सिंह, संतोष सिंह, गुप्ता समाज से रविकांत गुप्ता, रघुवंशी समाज से रोहित रघुवंशी, रविन्द्र रघुवंशी, कुर्मी समाज से गौरव पटेल, दांगी समाज से लोकेंद्र ठाकुर, चौरसिया समाज से ओमप्रकाश चौरसिया, अग्रवाल समाज से नीतेश गोयल, माहेश्वरी समाज से मनोज डागा, पंजाबी समाज से विजय अरोरा तथा कायस्थ समाज से प्रदीप श्रीवास्तव, नीतिश श्रीवास्तव सहित अन्य समाजों के प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर नमामि भारतम का गूंजा राष्ट्र स्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा के अमर गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के मार्गदर्शन में देश व्यापी सामूहिक गायन कार्यक्रम नमामि भारतम का आयोजन किया गया। जिसमें एक करोड से अधिक जनमानस द्वारा एक समय, एक स्वर में गायन किया गया, जो एशिया बुक रिकार्ड और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज किया जाएगा।

इसी कड़ी में सरस्वती शिशु मन्दिर राजेन्द्र नगर में भी वन्दे मातरम का गायन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. सत्यम शर्मा, साक्षी अधिकारी डॉ चन्द्रशेखर राजपूत, संस्कृत विशेषज्ञ पंडित विकास एलिया, मुख्य अतिथि नीलू चौबे पार्षद एवं कार्यक्रम के प्रभारी विनोद शाह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मॉ सरस्वती एवं भारत माता का पूजन अर्चन कर किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने देश की आजादी में वन्दे मातरम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वन्देमातरम ने देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधा और यह क्रांतिकारियों के लिए एक मंत्र बन गया जिसने देश को आजादी दिलाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, भैया, बहिन, अभिभावक, पूर्व छात्र, गणमान्य नागरिक बडी संख्या में उपस्थित हुए और एक साथ एक स्वर में वंदे मातरम का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने किया।

छैल बिहारी मंदिर में संपूर्ण पितृपक्ष में तर्पण के साथ कराया जा रहा भागवत कथा एवं मूल पाठ

बेतवा नदी के रिपटा घाट पर सैकड़ों लोगों ने पितरों के लिए किया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शनिवार से पितृपक्ष प्रारंभ हो गए। पितृपक्ष के शुभारंभ पर बेतवा नदी के रिपटा घाट पर सैकड़ों लोग अपने पितरों के तर्पण के लिए पहुंचे। हिंदू उत्सव समिति ने इस बार कार्यक्रम का आयोजन किया, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिली। समिति ने रिपटा घाट पर टेंट लगाकर बैठने की व्यवस्था की थी। साथ ही, पितृपक्ष में उपयोग होने वाली धार्मिक सामग्री भी मौके पर उपलब्ध कराई गई। विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक रूप से तर्पण की प्रक्रिया संपन्न कराई।

ज्ञात हो कि सर्व प्रथम देवताओं को ब्रम्हा, विष्णु, रुद्र ,इन्द्रादि फिर गन्धर्व यक्ष नाग अप्सरा पर्वत, नदी, वृक्ष आदि फिर सप्त ऋषि, चार दिव्य ऋषि, चौदह यम फिर पिता के कुल को तथा माता के कुल नाना, नानी आदि फिर प्रत्यक्ष सूर्य नारायण को अर्घ तथा दशों दिशाओं के स्वामी को तर्पणा किया जाता है। समस्त कर्म पित्रों के देवता विष्णु भगवान को समर्पित करते हैं जिससे प्रसन्न हो कर देवता ऋषि तथा पितृ अनेक प्रकार के आर्शीवाद प्रदान करते है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सावन अग्रवाल ने बताया कि समिति ने इस बार बेहतर व्यवस्थाएं कीं। सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक यह प्रक्रिया चली, जिसमें नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने इन व्यवस्थाओं पर खुशी जताई। पंडित राजेश तिवारी ने बताया कि पितृपक्ष 26 सितंबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलेंगे। हिंदू धर्म में पितृपक्ष माता-पिता और पूर्वजों के प्रति सम्मान, श्रद्धा और आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

प्रतिवर्ष कराया जा रहा पितृपक्ष में तर्पण, भागवत कथा एवं भागवत मूल पाठ

गंजबासौदा। पिछले 17 वर्षों से वार्ड क्रमांक 17, 18 के छैल बिहारी मंदिर में संपूर्ण पितृपक्ष में तर्पण, भागवत कथा एवं भागवत के मूल पाठ संपन्न किए जाते रहे हैं। इस वर्ष भी इस आयोजन की भव्य कलश यात्रा दोपहर 3 बजे से शीतला शक्ति धाम से सदर बाजार गांधी चौक मार्ग से निकालकर छैल बिहारी मंदिर पहुंची। जहां भागवत पूजन व आरती के पश्चात कथा आरंभ की गई। कथा में बताया गया कि जो मनुष्य अपने वैभव के अनुसार विधि पूर्वक तर्पण श्राद्ध करता है वह अपने पितरों को ही नहीं अपितु ब्रह्मा से लेकर समस्त प्राणियों को तृप्त करता है। व्यवहारिक दृष्टिकोण से आधुनिक युग में मनुष्य गोत्र तो भूल ही गए हैं, दादा परदादा का नाम भी विस्मृत करते जा रहे हैं। श्राद्ध के माध्यम से वर्ष में एक बार पितृपक्ष में तर्पण के माध्यम से दादा-दादी, परदादा परदादी के नाम उच्चारण की यह परंपरा बच्चों को ज्ञात बनी रहती है, धार्मिक दृष्टि से देखें तो प्रत्येक मनुष्य देव, ऋषि, पितृ ऋण से बंधा है, जो समुचित उन्नति व विकास में बाधक होती है। तर्पण श्राद्ध से पितृ ऋण से मुक्त होने पर उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते हैं, तर्पण का जल पितरों तक सूक्ष्म रूप में पहुंचता है। जैसे सूर्य ताप से जल सूक्ष्म बनकर बादल बनता है, इसी प्रकार नाम गोत्र द्वारा दिया जल पितरों तक पहुंचता है।

टेट से मुक्ति, प्रथम नियुक्ति से सेवावधि की मांग को लेकर प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शिक्षकों को TET से मुक्ति, सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने और ई-अटेंडेंस बंद करने की मांग को लेकर शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। इसको लेकर रविवार को सुबह 10 बजे नीलम पार्क, भोपाल में प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी के अनुसार विकास खंडों से सैकड़ों शिक्षक इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। पूरे जिले से दो हजार से अधिक शिक्षक भोपाल पहुंचेंगे। शिक्षकों का कहना है कि 10-15 साल से सेवा दे रहे शिक्षकों पर TET थोपना अन्याय है। उन्हें बिना शर्त TET से मुक्त किया जाए। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया हमारी मांग सेवावधि की गणना को लेकर भी है। शिक्षक चाहते हैं कि उनकी वरिष्ठता और अन्य लाभों की गणना उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, न कि संविलियन दिनांक से तथा ई-अटेंडेंस सिस्टम को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाऐ। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या और तकनीकी खामियों के कारण शिक्षकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन को लेकर शिक्षक संगठन ने सभी संकुल केंद्र जन शिक्षा केंद्र में संपर्क शुरू कर दिया है। भोपाल चलकर धरना-प्रदर्शन आंदोलन को सफल बनाने की अपील करने वालों में विनोद श्रीवास्तव, संजीव रघुवंशी, अमर सिंह तोमर, एलआर अहिरवार, अनीता ठाकुर, माधवी भाटिया, काशीराम मालवीय, जितेन्द्र नामदेव, दीपक नामदेव, नीलम सिंह, निर्भय सिंह, पूरन सिंह लोधी, राहुल शर्मा, भागमल बमन्या, अमित श्रीवास्तव, समीर याज्ञनिक, वीरेंद्र दिवाकर, रश्मि तोमर, प्रीती समैया, सुषमा राठौर, शिवेन्द्र शाक्य, नारायण शर्मा, अरूण पांडे, रामबाबू रघुवंशी, संजय अहिरवार, संजय नामदेव, विजय नामदेव, कृपाराम सेन, संजय विश्वकर्मा, अजय शर्मा, मधुर श्रीवास्तव, सुभाष गौर, मनोज पुरोहित, मोहन सिंह सहित मोर्चा पदाधिकारीगण शामिल हैं।

एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



कृषि रोड मैप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम गोकुलपुर में ओएफआर सेंटर एवं कृषि महाविद्यालय के तत्वावधान में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, तकनीकों और इसके लाभों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ में भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान से पधारे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रघुवीर सिंह ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है। प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान न केवल अपनी लागत कम कर सकते हैं, बल्कि मिट्टी की सेहत सुधारकर स्वास्थ्य वर्धक उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. विनोद कुमार गर्ग अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय ने खरीफ सीजन की फसलों में लगने वाले प्रमुख कीटों की पहचान और उनके जैविक व प्राकृतिक समाधानों की जानकारी दी। तत्पश्चात डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने खरीफ फसलों में होने वाली प्रमुख बीमारियों और रोगों के लक्षणों एवं उनके रोकथाम के वैज्ञानिक व व्यावहारिक उपायों के बारे में किसानों को विस्तार से जागरूक किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन ने प्राकृतिक खेती में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख घटकों और अवयवों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत तैयार करने की विधि और प्राकृतिक तरीकों से बीज उपचार करने की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से किसानों के समक्ष रखा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में ओएफआर सेंटर की इंचार्ज डॉ. विनीता परते ने उपस्थित सभी किसानों का आभार व्यक्त किया।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

गंजबासौदा। जिला एवं अपर सत्र न्यायालय बासौदा में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग बालक से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर ने ये फैसला 4 अप्रैल 2025 के मामले में सुनाया। अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार असैया के मुताबिक, 4 अप्रैल 2025 को लगभग 6 साल का बालक अपने छोटे भाई और दोस्त के साथ खेल रहा था। इसी दौरान आरोपी उसे 50 रुपए देने का लालच देकर अपने घर ले गया, उस दौरान घर में कोई नहीं था। आरोपी ने दरवाजा बंद कर बालक के साथ दुष्कर्म किया और उसे किसी को बताने से मना किया। घर लौटने के बाद बालक ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। मां की शिकायत पर देहात बासौदा में पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। मामले की जांच उपनिरीक्षक दिव्या पारासर ने की। अभियोजन की ओर से कोर्ट में पीड़ित बालक के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और डीएनए रिपोर्ट सहित अन्य साक्ष्य पेश किए गए। इन सबूतों और अभियोजन के तर्कों पर विचार करने के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा और 5 हजार रुपए के जुर्माने का आदेश दिया।



राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने सीहोर पहुंचे विद्यार्थी

गंजबासौदा। राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने नवांकुर व डॉल्फिन के चार विद्यार्थी शनिवार को सीहोर के लिए रवाना हो गए। संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस सीहोर में किया गया था। जिसमें नवांकुर विद्यापीठ के मान दांगी व डॉल्फिन के अनुज नायक, इशिता गुप्ता और समर्थ अरोरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनका चयन राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उपर्युक्त चारों विद्यार्थी डॉल्फिन क्रीड़ा अधिकारी गौरव भारद्वाज के नेतृत्व में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने आज सीहोर के लिए रवाना हो गए। नवांकुर क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 सितंबर तक सीहोर में किया जा रहा है।



भगवान महावीर विहार में धर्मसभा का आयोजन किया

महापर्व के समापन पर क्षमावाणी और सद्भाव का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दशलक्षण महापर्व के पावन समापन एवं क्षमावाणी पर्व के अवसर पर भगवान महावीर विहार में भव्य धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं सहित नगर के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आचार्य भगवन्त 108 विद्यासागर महाराज एवं आचार्य 108 समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से उनकी परम प्रभाविका शिष्या बाल ब्रह्मचारी सुनीता दीदी एवं बाल ब्रह्मचारी संगीता दीदी ने धर्मसभा को संबोधित किया।

दीदियों ने दशलक्षण महापर्व के दसों धर्मों की आध्यात्मिक महत्ता बताते हुए कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मा को भीतर से निर्मल करने, अपने दोषों को पहचानने और जीवन में संयम, त्याग, तप, सत्य एवं क्षमा जैसे गुणों को धारण करने का अवसर है। अपने प्रवचन में दीदियों ने कहा कि दशलक्षण पर्व हमें बाहरी दिखावे से हटकर अपने अंतर्मन की ओर देखने की प्रेरणा देता है। दस दिनों तक मनुष्य जिन धर्मों का चिंतन करता है, उनका वास्तविक उद्देश्य अपने व्यवहार और जीवन में परिवर्तन लाना है। क्रोध के स्थान पर शांति, मान के स्थान पर विनय, माया के स्थान पर सरलता और लोभ के स्थान पर त्याग को अपनाना ही इस पर्व की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि पर्व समाप्त हो जाता है, लेकिन पर्व के दौरान प्राप्त संस्कार और धर्म की प्रेरणा हमारे जीवन में निरंतर बनी रहनी चाहिए। दीदियों ने क्षमावाणी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षमा मांगना और क्षमा करना दोनों ही आत्मिक शुद्धि के मार्ग हैं। मन में किसी के प्रति द्वेष, कटुता या वैमनस्य रखना स्वयं के लिए ही बोझ बन जाता है। क्षमा का भाव मन को हल्का करता है और रिश्तों में प्रेम एवं सद्भाव स्थापित करता है। उन्होंने सभी से अपने मन में झांककर जाने-अनजाने हुई भूलों के लिए क्षमा मांगने तथा दूसरों की भूलों को भी उदार हृदय से क्षमा करने का संदेश दिया।

धर्मसभा में श्वेतांबर जैन समाज के गुरु धर्मगोश महाराज साहब की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपनी मंगलवाणी से उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं को संबोधित करते हुए क्षमा के वास्तविक स्वरूप को समझाया। उन्होंने कहा कि क्षमा केवल एक औपचारिक शब्द नहीं, बल्कि मन की निर्मलता का भाव है। जब मन में किसी के प्रति बैर भाव नहीं रहता और हम अहंकार को छोड़कर सहज भाव से क्षमा करते हैं, तभी क्षमावाणी पर्व की वास्तविक भावना सार्थक होती है। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी पर हुआ गौसेवा सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्थानीय अशोक भवन में विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा विभाग द्वारा गौवंश संरक्षण संवर्धन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख दिनेश उपाध्याय, क्षेत्र गौ रक्षा प्रमुख सोहन विश्वकर्मा, पूज्य संत हरिओम ब्रह्मचारी एवं जिला अध्यक्ष मुकेश सेन मंचासीन रहे। विहिप प्रान्त गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, विभाग संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। जैविक खेती करने वाले कृषकों गौशाला के संचालकों गौ सेवा की गतिविधियों में सहयोग करने वाले हित चिंतकों एवं गौ चिकित्सकों का सम्मान किया गया। जिला मंत्री रविंद्र ठाकुर द्वारा अतिथियों का परिचय करवाया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाय माता हमारी संस्कृति की पहचान है, सबको गोपालन करना चाहिए एवं भारतीय नस्ल की गाय का दूध अमृत के समान है। विदेशी नस्ल की गायों का पालन नहीं करना चाहिए एवं खेती को हानिकारक केमिकल वाली खाद और कीटनाशकों से मुक्त करके देसी खाद का उपयोग करके ही हम जमीन को बंजर होने से बचा सकते हैं एवं स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में आभार जिला अध्यक्ष मुकेश सेन ने माना और कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन ने किया।

कार्तिक यादव ने पाया प्रथम स्थान



गंजबासौदा। सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत विषय पर आधारित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के छात्र कार्तिक पुत्र दीपक यादव ने प्रथम स्थान अर्जित किया है। कस्बा बागरोद निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ बलिराम यादव के पौत्र और वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक यादव के पुत्र कार्तिक राहतगढ के स्कूल में कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी एवं विद्यालय प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर पुरस्कृत किया और बधाई दी।

चितावर व महू गांव में स्कूल, उचित मूल्य दुकान, आंगनबाड़ी व आधार केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं विद्यार्थियों को पढ़ाया त्रिकोणमिति का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज तहसील के ग्राम चितावर एवं महू का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति एवं ग्रामीणों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्राम चितावर स्थित नवनिर्मित पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

ग्राम चितावर के शासकीय हाई स्कूल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई एवं विषयों की समझ के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों को त्रिकोणमिति का पाठ पढ़ाया तथा विषय से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नियमित अध्ययन और विषयों की निरंतर प्रैक्टिस से कठिन लगने वाले विषयों को भी आसानी से समझा जा सकता है।



उचित मूल्य दुकान और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम चितावर की शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, उपलब्ध स्टॉक तथा हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां बच्चों एवं हितग्राहियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में पोषण एवं अन्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



महू में भी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्राम महू पहुंचकर शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं आधार केंद्र का भी निरीक्षण किया। आधार केंद्र में नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि आमजन को आधार संबंधी सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को सुचारू रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की सेवाओं का लाभ लोगों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। कलेक्टर ने दोनों गांवों के भ्रमण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय संस्थानों में व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार किया जाए। उन्होंने आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं में पारदर्शिता तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने की बात कही।

समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया

कच्चे रास्ते से ग्रामीण परेशान सड़क निर्माण की मांग



सिरोंज। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम दामोदरखेड़ी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ नेता नईम खान ने ओखलीखेड़ा से कोरमासा तथा ओखलीखेड़ा से दामोदरखेड़ी के बीच कच्चे रास्ते की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए सड़क निर्माण की मांग रखी। नईम खान ने बताया कि ओखलीखेड़ा से कोरमासा तक जाने वाले मार्ग में आदिवासी बस्ती के समीप करीब 500 मीटर का रास्ता अब भी कच्चा है। यह मार्ग धर्मपुर होते हुए कोरमासा को मुख्य ओखलीखेड़ा मार्ग से जोड़ता है। इसी प्रकार ओखलीखेड़ा से दामोदरखेड़ी के बीच भी करीब 500 मीटर का रास्ता कच्चा होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में कच्चे रास्ते पर कीचड़ और गड्ढे हो जाने से आवागमन मुश्किल हो जाता है। इससे दोपहिया वाहनों के फिसलने तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। आदिवासी बस्ती के ग्रामीणों को राशन सहित अन्य जरूरी सामान लेने के लिए दामोदरखेड़ी इसी कच्चे रास्ते से होकर जाना पड़ता है। अधिक बारिश होने पर रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है, जिससे ग्रामीणों का गांव से संपर्क तक प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों ने शिविर में संबंधित अधिकारियों से दोनों कच्चे मार्गों का निर्माण कराकर ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की।

भाषण में तृतीय एवं चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिरोंज का बढ़ाया गौरव

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में निकुंज अवस्थी ने हासिल किए दो स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषयवस्तु पर जिला स्तरीय चित्रकला-पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों, रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारत के भविष्य, बच्चों के सपनों तथा देश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

करीब 80 से 90 छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित प्रतियोगिता में सिरोंज के सांदीपनि विद्यालय की छात्रा निकुंज अवस्थी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा निकुंज अवस्थी ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं चित्रकला-पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर सिरोंज एवं अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। निकुंज अवस्थी ने भाषण प्रतियोगिता में 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में भी अपनी कल्पनाशीलता और कला प्रतिभा का परिचय देते हुए विषय को आकर्षक एवं रचनात्मक रूप में चित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया। दोनों प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर विद्यालय परिवार एवं परिजनों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्राचार्य महेष कुमार ताम्रकार एवं शिक्षकों ने छात्रा निकुंज अवस्थी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर मिलने से उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है। छात्रा निकुंज की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सिरोंज की छात्रा द्वारा दो अलग-अलग विधाओं में स्थान प्राप्त करना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, सहपाठियों एवं परिजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



दीपनाखेड़ा पुलिस की कार्रवाई, अड़ीबाजी व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

थाना दीपनाखेड़ा क्षेत्र के ग्राम डेंगरा में एक व्यक्ति के साथ अड़ीबाजी एवं मारपीट किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। फरियादी तूफान सिंह कुशवाह, पिता निरपत सिंह कुशवाह, उम्र 76 वर्ष, निवासी ग्राम डेंगरा की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में अपराध क्रमांक 152/26, धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 119(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना दीपनाखेड़ा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती सोनू डाबर के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित कर तत्परता से कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर अड़ीबाजी एवं मारपीट के आरोपी भोला उर्फ गोलू शर्मा, पिता गजराज शर्मा, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम डेंगरा को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, प्रधान आरक्षक सुल्तान पटेल, प्रधान आरक्षक दयाराम, प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर, आरक्षक अमित खेमरिया, आरक्षक गिर्राज एवं आरक्षक देवेंद्र की भूमिका रही।



वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर गूंजा राष्ट्रवंदना का स्वर

सरस्वती विद्या मंदिर कुरवाई में 11 बजे हुआ सामूहिक गायन, छात्राओं ने एक स्वर में दिया एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली की योजनानुसार सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय कुरवाई में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे मुख्य अतिथि, बेतवा शिक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. सुधाकर राव मोघे अध्यक्ष और समिति सचिव दिनेश शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। अतिथि सुरेंद्र सिंह सिसोदिया एवं संस्था प्राचार्य बलराम रघुवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता दिनेश शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का भाव है। इसके 150 वर्ष पूर्ण होना नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने का अवसर है। ठीक सुबह 11 बजे संपूर्ण वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। विद्यालय परिसर में गूंजे राष्ट्रगीत के स्वर से वातावरण राष्ट्रभाव से भर गया। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी, अभिभावक, पूर्व छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में माताएं, भैया-बहिन उपस्थित रहे। संचालन सृष्टि शर्मा ने किया। आभार गीता श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

फार्मासिस्ट दिवस पर पौधे और उपचार किट बांटी

स्वास्थ्य जागरूकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने पौधे एवं प्राथमिक उपचार किट का वितरण कर सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ फार्मासिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष चंद्रकांत जैन तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्य डॉ. अपेक्षा जैन मौजूद रहीं। अध्यक्षता एमपीपीए जिलाध्यक्ष गगन शर्मा ने की। कार्यक्रम में अतिथियों का पौधा भेंट कर एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। गगन शर्मा ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है।



उसका दायित्व केवल दवा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं, बल्कि दवा की गुणवत्ता, सही खुराक, सुरक्षित उपयोग और मरीजों को आवश्यक जानकारी देना भी है। चंद्रकांत जैन ने फार्मासिस्टों को शुभकामनाएं देते हुए स्वास्थ्य सेवा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई। डॉ. अपेक्षा जैन ने फार्मासिस्ट के सामाजिक दायित्व पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि यह दिवस सेवा संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। सचिव अभिषेक एवं सह सचिव संजय ने फार्मासिस्ट के दायित्व के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में संगठन मंत्री मुकुल राठौर सहित जिलेभर के फार्मासिस्ट एवं आमजन उपस्थित रहे।

जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा का स्वागत

ग्यारसपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के अवसर पर गुजरात के बड़नगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा शनिवार को ग्यारसपुर पहुंची। आजीविका मिशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में यात्रा में शामिल दर्जनों बाइक सवारों का विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान गुजरात के राज्यसभा सांसद मुकेश भाई जे. राठवा ने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि बड़नगर से उनकी कर्मभूमि वाराणसी तक जा रही है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, संबल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।

कालीमठ अखंड ज्योति यात्रा के यात्रियों का विधायक और जिलाध्यक्ष ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

माता बाग मंदिर से उत्तराखंड स्थित कालीमठ से अखंड ज्योति लाने के लिए जाने वाले यात्रियों का शुक्रवार को विधायक हरि सिंह सप्रे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने विधायक कार्यालय में पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

उन्होंने यात्रियों को सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मंदिर समिति अध्यक्ष पं. अनिल चौबे ने बताया कि माता बाग मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष 51 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ से अखंड ज्योति लाने की परंपरा है। इससे पहले कन्याकुमारी, नेपाल स्थित शक्तिपीठ, असम के कामाख्या सहित अन्य स्थानों से ज्योति लाई जा चुकी है। नवरात्रि में मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अखंड ज्योतियां प्रज्ज्वलित की जाती हैं। यात्रा दल में सुनील प्रजापति, विनोद कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, मुन्नालाल पाल, राहुल लोधी एवं शिवकुमार पंथी शामिल हैं। दल शनिवार को पूजन-पाठ के बाद कालीमठ के लिए रवाना होगा। विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी ने भी यात्रियों का सम्मान किया।

लायंस क्लब संघमित्रा की नई टीम ने ली शपथ

विदिशा। लायंस क्लब संघमित्रा का अधिष्ठापन एवं शपथ विधि समारोह होटल अर्श पैलेस में हुआ। मुख्य अतिथि शपथ विधि अधिकारी अतुल शाह, रीजन चेयरपर्सन डॉ. आरती शर्मा और पैरा फेरी कोऑर्डिनेटर रवि उपाध्याय मौजूद रहे। कार्यक्रम में चार नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। राजेंद्र कटारे ने अध्यक्ष, ज्योति जैन ने सचिव और सीमा दुबे ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। अध्यक्ष कटारे ने सरस्वती शिशु मंदिर किला अंदर के पांच बच्चों की करीब 76 हजार रुपए फीस जमा करने और भोजन किट देने का संकल्प लिया। पॉलिथीन मुक्ति व कैंसर जागरूकता गतिविधियां भी हुईं। सेवा क्षेत्र में तीन लोगों का सम्मान किया गया।



क्रेन और नाव से हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

शमशाबाद। गणेश उत्सव के समापन पर रंग-बिरंगी रोशनी से सजे मार्गों पर डीजे की भक्तिमय धुन, ढोल-नगाड़ों और ताशों की गूंज के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते और गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी। बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई, जबकि छोटी प्रतिमाओं को नगर परिषद के कर्मचारियों ने नाव में रखकर सुरक्षित रूप से नदी में विसर्जित किया। चल समारोह और विसर्जन स्थल पर प्रशासन एवं पुलिस की टीम पूरे समय मौजूद रही। एसडीएम अजय पाठक, तहसीलदार संजय चौरसिया, नगर निरीक्षक आशुतोष सिंह और नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी सहित पुलिस बल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। व्यवस्था में नगर परिषद कर्मचारियों और ग्राम कोटवारों का भी सहयोग रहा।

कुरवाई विधायक कार्यालय में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

कुरवाई। विधायक कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी एवं विधायक हरि सिंह सप्रे समेत सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोना सप्रे, वरिष्ठ नेता भाजपा हरिसिंह चौहान, वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गिरजेश साहू कुरवाई मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, अंबानगर मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह राजपूत, मेहलुआ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी एल्डरमैन वरुण चौबे उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक राजपूत, आकाश राजपूत मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना
(जन्मतिथि संशोधन के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहित सिंह राजपूत पिता स्वर्गीय श्री सुमेर सिंह राजपूत आयु 42 वर्ष जाति राजपूत निवासी पटेल गार्डन के पीछे सिन्धी कालोनी विदिशा म.प्र. यह कि, मेरे भानजे युवराज सिंह राजपूत पुत्र श्री जगजीत सिंह राजपूत मां का नाम स्वर्गीय श्रीमति राखी सिंह राजपूत है जबकि मेरे भानजे के आधार कार्ड एवं उसके जन्म प्रमाण पत्र मे उसकी जन्म दिनांक 09-11-2010 लिखी है जो कि सत्य व सही है। यही जन्म दिनांक सत्य व सही है इसी दिनांक को हर दस्तावेज मे लिखी व पढ़ी जावे।

नमामि भारतम कार्यक्रम में गूंजा वन्दे मातरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

वन्दे मातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में नूतन हाई स्कूल में सामूहिक गान किया गया। छात्र छात्राएं एवं आचार्य दीदी द्वारा वन्दे मातरम का गायन किया गया। अतिथियों के कहा कि विद्याभारती के विद्यालयों से अनगिनत विभूतियां निकली हैं जो समाज में अपना योगदान विभिन्न क्षेत्रों में दे रही हैं। कार्यक्रम का संचालन समिति के सह सचिव संतोष चिड़ार ने करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए वन्दे मातरम ने मंत्र के रूप में काम किया।

संन्यासियों ने भी उस समय अंग्रेजों से विद्रोह किया था तब बंकिम चंद्र जी ने अपनी रचना आनंदमठ में वन्दे मातरम गीत लिखा जो आगे चलकर प्रेरणा गीत बना। जनपद प्रतिनिधि सचिन यादव ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संचालन समिति उपाध्यक्ष मुन्नालाल सोनी, सदस्य गोपाल सिंह दांगी, और आचार्य परिवार उपस्थित रहे आभार संस्था प्राचार्य बलराम सिंह दांगी ने माना।



बच्चों को बांटी खाद्य और पठन सामग्री

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी इकाई ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर गोद ग्राम रंगई में आंगन मिलन समारोह आयोजित किया। स्वयंसेविकाओं ने आंगनबाड़ी और स्कूल के बच्चों व महिलाओं को फल, चना, बिस्किट सहित पौष्टिक सामग्री वितरित की। बच्चों को पुस्तकें, कलर बुक, रंग, पेन और डायरी भी बांटी गई। सेवा सदन नेत्र हॉस्पिटल की टीम ने 35 बच्चों और 11 स्टाफ सदस्यों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया। एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने 'नशामुक्त भारत-विकसित भारत' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन में हुआ।



दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर पौधरोपण

विदिशा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुलाब वाटिका स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के विचारों को याद किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित विदिशा के संकल्प के साथ पौधरोपण भी किया गया। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर भी पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

पानी भरे गड्ढों में पनप रहा मच्छरों का लार्वा, कर्मचारियों को संक्रमण का डर

जिला शिक्षा केंद्र पहुंचने की राह में कीचड़ व पानी, परिसर में गाजर घास की भरमार

मत्स्य विभाग और जिला अस्पताल के रास्ते पर भी महीनेभर से बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय तक पहुंचने की राह इन दिनों कर्मचारियों और आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बारिश के बाद जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय तक जाने वाले रास्ते पर जगह-जगह गंदा पानी और कीचड़ जमा है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को इसी रास्ते से होकर कार्यालय पहुंचना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि पैदल निकलने वालों को पानी और कीचड़ से बचकर रास्ता तय करना पड़ रहा है, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी फिसलने का खतरा बना रहता है। जिला शिक्षा केंद्र परिसर के अंदर भी सफाई व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। दफ्तर परिसर में जगह-जगह गाजर घास और अन्य खरपतवार उग आए हैं। कई स्थानों पर गड्ढों में बारिश का पानी जमा है। लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण इनमें मच्छरों का लार्वा पनपने की आशंका बनी हुई है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जिम्मेदारों द्वारा समय रहते सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो मच्छरों की संख्या बढ़ सकती है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

कार्यालय आने वालों को परेशानी

जिला शिक्षा केंद्र जिला अस्पताल मत्स्य विभाग में प्रतिदिन कर्मचारी, शिक्षक आम लोगों और विभिन्न शैक्षणिक कार्यों से जुड़े लोग पहुंचते हैं। ऐसे में कार्यालय परिसर और मुख्य रास्ते की बदहाल स्थिति सीधे तौर पर आमजन और कर्मचारियों की परेशानी बढ़ा रही है।पानी और कीचड़ के कारण यहां आने-जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मचारियों ने पूरे परिसर की सफाई कराने, गाजर घास हटाने और पानी निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

मत्स्य विभाग और जिला अस्पताल पीडब्ल्यूडी के सामने भी समस्या

शहर में केवल जिला शिक्षा केंद्र ही नहीं, बल्कि सहायक संचालक मत्स्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, जिला अस्पताल के मुख्य गेट और लोक निर्माण विभाग की ओर जाने वाले आम रास्ते पर भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार इन स्थानों पर पिछले करीब एक महीने से पानी बह रहा है। इससे सड़क और आसपास के हिस्सों में कीचड़ फैल गया है। जिला अस्पताल के मुख्य गेट के आसपास कीचड़ और गंदगी की स्थिति से मरीजों और उनके परिजनों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं मत्स्य विभाग परिसर के आसपास भी पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि पानी लगातार बहने और जमा होने से रास्ता खराब हो रहा है।

सांदीपनि स्कूल परिसर में भरा पानी

शासकीय सांदीपनि स्कूल पाटनदेव के भी बुरेहाल हैं, स्कूल आने जाने वाले रास्ते पर कीचड़ गंदगी की भरमार बनी हुई है। स्कूल परिसर में हल्की सी भी बारिश होने पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसी स्थिति में बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचने के लिए कीचड़ से चलकर जाना पड़ता है।

इनका कहना है

मैंने डाइट प्राचार्य को दो तीन बार पूरे परिसर की साफ सफाई के लिए बोला था। क्योंकि परिसर डाइट के तहत आता है। साफ सफाई बेहद अनिवार्य है। जिम्मेदारी भी डाइट के अफसरों की है।

प्रदीप चतुर्वेदी, डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र रायसेन

पानी निकासी की सही व्यवस्था न होने के कारण विद्यालय परिसर में जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है। इसके लिए कई बार विद्यालय स्तर पर गिट्टी, काली चूरी और कक्षाओं तक विद्यार्थियों को पहुंचाने के लिए पेवर्स लगवाए गए हैं। अलग से विभाग और प्रशासन स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

एलएन प्राचार्य, सांदीपनि हासे स्कूल रायसेन

20 दिन के श्रमदान से बदली घाटों की तस्वीर

पितृपक्ष शुरू: मिश्र तालाब घाट पर गूंजे पितरों के मंत्र, सैकड़ों ने किया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



पितृपक्ष के साथ ही शहर में धार्मिक आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार से शुरू हुए श्राद्ध के पहले दिन ऐतिहासिक मिश्र तालाब घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सैकड़ों लोगों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए जल से तर्पण किया। पंडित राजेंद्र दुबे (सोमवारा) और पंडित अभिषेक चतुर्वेदी ने मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं से पितरों के निमित्त जल अर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म कराए। कई परिवार पूरे परिवार सहित अपने पितरों को याद करने पहुंचे। दोपहर तक घाटों पर तर्पण करने वालों का तांता लगा रहा।

16 दिन तक उमड़ेगी भीड़

पंडितों के अनुसार इस बार पितृपक्ष 16 दिन का है। मान्यता है कि इन दिनों में पितरों के नाम से किया गया दान-पुण्य सीधे पितरों तक पहुंचता है और पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। इस दौरान लोग श्राद्ध, तर्पण और ब्राह्मण भोज कराते हैं। अगले 16 दिनों तक रोजाना सुबह मिश्र तालाब के अलावा बेतवा और नर्मदा घाटों पर भी भीड़ रहेगी।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सविता जमना सेन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि तालाब में पूजन सामग्री, प्लास्टिक और पॉलीथिन न डालें, ताकि स्वच्छता बनी रहे।

20 दिन के श्रमदान से बदली तस्वीर

इस बार मिश्र तालाब पर तर्पण करने आए लोगों को काफी राहत मिली। पिछले 20 दिनों से चल रहे विशेष श्रमदान और स्वच्छता अभियान के बाद घाटों की सूरत पूरी तरह बदल गई है। पहले मिश्र तालाब घाटों पर कचरे के ढेर लगे रहते थे और तालाब में जलकुंभी, कमल की जड़ें और हरी काई का जाल फैला था। जिससे पानी में उतरना भी मुश्किल होता था। अब नगर पालिका, समाजसेवियों और युवाओं के संयुक्त प्रयास से जलकुंभी निकाली गई, कचरा हटाया गया और घाटों को व्यवस्थित किया गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि पिछले साल तक बदबू और गंदगी के कारण तर्पण में काफी परेशानी होती थी, लेकिन इस बार साफ-सुथरे घाट और स्वच्छ पानी के कारण बिना किसी दिक्कत के तर्पण हो सका। जिला प्रशासन ने घाटों पर सुरक्षा और लाइट की व्यवस्था भी की है।

एबीवीपी ने उठाए सवाल

किताबें जलाने का गरमाया मामला तहसीलदार की अगुवाई में होगी जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

बीते दिन नगर के सांदीपनि स्कूल परिसर में किताबें जलाए जाने की तस्वीरें सामने आई थीं। तस्वीरों में कुछ पुस्तकें एवं अन्य सामग्री आग में जलती दिखाई दे रही थी। शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यालय पहुंचकर मामले में स्कूल प्रबंधन से जानकारी मांगी। इस दौरान पुस्तक कक्ष खोलने, पुस्तकों के निस्तारण की प्रक्रिया तथा परिसर में राष्ट्रीय ध्वज मिलने को लेकर भी सवाल उठाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने तहसीलदार बाड़ी दिनेश बर्गले को जांच दल गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं। तीन दिनों में जांच पूरी कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। एबीवीपी का कहना है कि यदि पुस्तकें अनुपयोगी या दीमक से खराब थीं, तो उनके निस्तारण के लिए अपनाई गई प्रक्रिया, रिकॉर्ड और अनुमति स्पष्ट होनी चाहिए। वहीं विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि उपयोगी सरकारी पुस्तकों को नहीं जलाया गया, बल्कि अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण किया जा रहा था।

पुस्तक कक्ष खोलने की मांग पर हुआ विवाद

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के पुस्तक कक्ष को खोलकर वहां रखी सामग्री दिखाने की मांग की। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं और स्कूल प्रबंधन के बीच बहस की स्थिति बनते सामने आई। बाद में पुस्तक कक्ष खोले जाने पर कार्यकर्ताओं ने वहां रखी सामग्री का निरीक्षण किया। इसी दौरान कमरे में जमीन पर राष्ट्रीय ध्वज दिखाई देने का दावा किया गया। इसको लेकर भी कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाते हुए ध्वज वहां रखे जाने की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

पुलिस प्रशासन ने संभाली स्थिति

विद्यालय परिसर में विवाद बढ़ने की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर में धरना देकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से जानकारी ली। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किताबों के साथ राष्ट्रीय ध्वज और प्राचार्य के कथित व्यवहार का मुद्दा भी अधिकारियों के समक्ष रखा। प्रशासन की ओर से पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया गया।

रिकॉर्ड से सामने आएगी वास्तविक स्थिति

अपर कलेक्टर के निर्देश के बाद तहसीलदार दिनेश बर्गले की अगुवाई में जांच दल मामले की पड़ताल करेगा। जांच में स्कूल के स्टॉक रजिस्टर, प्राप्त पुस्तकों का रिकॉर्ड, वितरण रजिस्टर, बची हुई पुस्तकों का विवरण, खराब अथवा अनुपयोगी घोषित पुस्तकों का रिकॉर्ड और उनके निस्तारण की प्रक्रिया की जांच की जा सकती है। इसके अलावा मौके से सामने आई तस्वीरों एवं वीडियो तथा संबंधित अधिकारियों, स्कूल प्रबंधन और मौके पर मौजूद लोगों के बयानों को भी जांच में शामिल किया जा सकता है।

रामलीला मैदान में हुई धार्मिक भजन मंडलों की प्रतियोगिता

प्रस्तुति देने वाले 7 भजन मंडलों को समान पुरस्कार राशि दी

गणेश उत्सव समितियों, अखाड़ों, विमान निकालने वालों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

10 दिवसीय गणेश उत्सव के समापन पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में रामलीला मैदान में धार्मिक भजन मंडलियों की प्रतियोगिता हुई। भजन मंडलों द्वारा लगातार 16 घंटे तक धार्मिक भजनों की संगीत नृत्य के साथ प्रभावी आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाती रही। सभी सात मंडलों को एक समान 15- 15 हजार रुपए की पुरस्कार राशि हिंदू उत्सव समिति के द्वारा प्रदान की गई। रामलीला मैदान में भजन मंडलों की प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व हुए कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेली एवं पदाधिकारियों द्वारा नगर की सभी गणेश उत्सव समितियों अखाड़ो एवं डोल ग्यारस पर विमान निकालने वालों का स्वागत सम्मान किया गया। अध्यक्ष चौधरी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बबेली, एवं अन्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सनातन धर्म संस्कृति और प्रथम पूज्य गणपति बप्पा की महिमा का वर्णन किया।

भजन मंडलों के बीच हुई



प्रतियोगिता श्याम मंडल नक्त्रा खापा श्री राम मंडल मछवाई श्री बालिका भजन मंडल चूरना ढाना शिव ज्योति सरगम मंडल तिलाड़िया महावीर मंडल सोयत कलां नागर मंडल दीपा खेड़ा श्री नव ज्योति मंडल जमाड़ा के बीच शुक्रवार की रात से शनिवार को दोपहर 4 बजे तक निरंतर 16 घंटे तक भजनों की प्रतियोगिता चलती रही। भजन प्रतियोगिता देखने सुनने नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आए ग्रामीणों की भारी उपस्थिति लगातार रामलीला मैदान में बनी रही।

खेत की मेड़ पर मिला नवजात शिशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन / बेगमगंज



जिले के बेगमगंज तहसील में एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोइया से खामखेड़ा मार्ग पर मक्का के खेत की मेड़ पर एक जिंदा नवजात शिशु मिला है। नवजात शिशु के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खामखेड़ा से मोइया जाने वाली सड़क किनारे खेत के पास से कुछ लोग गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें खेत की मेड़ से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। लोगों ने पास जाकर देखा तो मक्का के खेत की मेड़ पर एक नवजात पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने तत्काल खेत मालिक और सुल्तानगंज पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नवजात को तत्काल अपने कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल बेगमगंज पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ देवेन्द्र मीणा ने नवजात का परीक्षण किया। डॉक्टर के अनुसार नवजात का वजन करीब 1 किलो 200 ग्राम है। प्राथमिक जांच में हालत ठीक पाई गई। बेहतर उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के बाद नवजात को 108 एंबुलेंस से सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी ने बताया कि अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। नवजात को मेड़ पर कौन छोड़ गया, पुलिस इसकी तलाश कर रही है।



जमीन विवाद 6 एकड़ धान में डाली सफाया दवा से धान फसल सूखने नष्ट होने का आरोप लगाया


बरेली। तहसील के ग्राम छुछाहर में 6 एकड़ कृषि भूमि को लेकर विवाद की स्थिति में एक पक्ष के गोलू वर्मा ने हरी भरी धान की फसल में सफाया नामक दवा डालकर धान की फसल नष्ट सुखाने का आप दूसरे पक्ष के राजीव पालीवाल द्वारा लगाकर राजस्व पुलिस अधिकारियों से शिकायत की गई है। मामले की जांच में सच्चाई सामने आने की उम्मीद है। मिली जानकारी और शिकायत के अनुसार 22 सितंबर को खसरा नंबर 76/2 रकवा लगभग 6 एकड़ में सफाया दवा का छिड़काव करने से धान की फसल सूखकर पीली पड़ने लगी जिसकी रिपोर्ट दूसरे पक्ष के राजीव पालीवाल ने पुलिस थाने और एसडीओपी राजस्व अधिकारियों को आवेदन देकर की गई है। पालीवाल ने आवेदन में बताया कि उक्त भूमि ओमप्रकाश पाठक की थी उन्होंने अपने जीवन काल में अपंजीकृत वसीयतनामा के माध्यम से उन्हें भूमि और कब्जा दिया था। उक्त तो भूमि को स्वर्गीय पाठक के उत्तराधिकारियों द्वारा मयंक वर्मा उर्फ गोलू वर्मा को विक्रय कर दी जिसका न्यायालय में प्रकरण भी चल रहा है।

मौसमी बीमारियों का प्रकोप, न तो कीटनाशक का छिड़काव और न फॉगिंग

आमजन की खतरे में सेहत मुख्य मार्गों तक सिमट गई नपा अमले की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए अधिकारी आए दिन समीक्षाएं करते हैं, बैठकों में प्लान बनाकर काम करने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन हकीकत ठीक इसके विपरीत है। क्योंकि शहर के पुरानी बस्ती के मुख्य मार्गों को छोड़कर कहीं भी नियमित रूप से सफाई नहीं हो रही। जानकारों का कहना है कि लगातार हो रही रिमझिम बारिश के साथ शहर भर में मौसमी बीमारियों का प्रकोप फैला हुआ है। मच्छर और तरह-तरह के वायरस भी तेजी से पनप रहे हैं। जिसकी चपेट में आकर बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और सभी वर्गों के लोग बीमार हो रहे हैं।, लेकिन नपा परिषद के स्वास्थ्य विभाग सहित जिला मलेरिया विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की



कुंभकर्णी नींद अभी तक नहीं खुली कीड़े-मकोड़े और मच्छर मक्खियों सहित वायरसों से बचाव के लिए न तो कीटनाशक का छिड़काव हो रहा है, न ही मच्छरों से मुक्ति दिलाने के लिए फॉगिंग मशीन से धुआं छोड़ा जा रहा है।

कचरा घर बन गए खाली पड़े प्लॉट वार्ड दो निवासी राजकुमार अग्रवाल दीपू अग्रवाल अंशुल यादव रूपेश अग्रवाल ने बताया कि उनके घर के सामने गली की नियमित सफाई नहीं होती। दिगंबर पटेल ने बताया कि उनके घर के सामने एक प्लॉट खाली पड़ा है, जो अब कचरा घर बन चुका है। आसपास के कई मोहल्लों का कचरा यहां लाकर डम्प भी किया जाता है।लेकिन महीनों में दो-तीन बार ही कचरा उठाया जाता है, जिसके कारण उनके मढ़ई पुरा मोहल्ले में दुर्गंध फैली रहती है और लोग बीमार ही रहते हैं। तालाब मोहल्ला वार्ड नंबर नौ में एक खाली प्लॉट पर कचरा ढेर लगे हैं। जहरीले जीव-जंतु और से बच्चों को खतरा है।

इनका कहना है

आपको द्वारा मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है। सफाई कर्मियों की टीम भिजवाकर साफ सफाई करवा दी जाएगी।

शशिकांत मोहोड़, स्वच्छता निरीक्षक नपा परिषद रायसेन

गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान बवाल, दो समितियों में चले लाठी-डंडे

बरेली/रायसेन। बरेली में गणेश विसर्जन के दौरान दो गणेश समितियों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। पुलिस जानकारी के अनुसार बरेली नगर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए गणेश झांकियां जा रही थीं। इसी दौरान दो गणेशोत्सव समितियों के सदस्यों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही बरेली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया।बरेली पुलिस ने दोनों समितियों के सदस्यों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

दशहरा मैदान से निकला गणपति का विशाल चल समारोह

3 किमी लंबा रहा जुलूस, 3 दर्जन प्रतिमाएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को बेगमगंज में श्री गणेश की प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन चल समारोह निकाला गया। दशहरा मैदान से दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुआ यह विशाल चल समारोह करीब तीन कि.मी. लंबा रहा, जिसमें नगरीय क्षेत्र से आई करीब तीन दर्जन गणेश प्रतिमाएं शामिल हुईं। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सचिन नेमा एवं समिति के पदाधिकारियों और संरक्षकों ने विधि- विधान से पूजा- अर्चना कर चल समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद गणेश प्रतिमाएं भव्य जुलूस के साथ नगर भ्रमण पर निकलीं। चल समारोह दशहरा मैदान से शुरू होकर भोपाल-सागर मार्ग, पुराना बस स्टैंड, गांधी बाजार, शिवालय चौक, कबीट चौराहा, माला फाटक, जामा मस्जिद रोड और पक्का फाटक होते हुए सागर-भोपाल मार्ग पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए सुल्तानगंज रोड स्थित सेमरी नदी घाट ले जाया गया।

सुरक्षा को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट



गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन ने सुल्तानगंज रोड स्थित सेमरी नदी घाट को चिन्हित किया था। नदी में जलस्तर अधिक होने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। घाट पर राजस्व विभाग, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत गोताखोरों की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त लाइटिंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। नदी के अन्य घाटों पर भी पुलिसकर्मियों और चौकीदारों की तैनाती की गई थी। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला चलता रहा।

जगह- जगह हुई पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों ने बांधा समां चल समारोह को लेकर नगर को एक दिन पहले ही लाल, पीले और भगवा ध्वजों से सजाया गया था। जुलूस के दौरान जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। घोड़ों का नृत्य, ढोल-नगाड़ों की गूंज और अखाड़ों के प्रदर्शन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

हिंदू उत्सव समिति ने श्रीगणेश की झांकी समितियों को शील्ड प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शक्रवार को अनंत चतुर्थी पर भक्तों ने भगवान श्रीगणेश की विधि विधान से पूजन कर उनकी प्रतिमा को नदी तालाबों में विसर्जित किया गया। वहीं शहर के अनेकों स्थानों पर झांकी समितियों द्वारा 10 दिनों तक पंडालों में श्रीगणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर उनकी सेवा की गई। इस मौके पर श्री हिन्दू उत्सव समिति द्वारा शहर के महामाया चौक परिसर में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, विशेष अतिथि एसपी आशुतोष गुप्ता, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, धर्मगुरू पं रमेश गोपाल चतुर्वेदी द्वारा झांकी समितियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री द्वारा की गई। इसके अलावा मंच पर श्री हिउस के पूर्व अध्यक्ष कृष्णमोहन चतुर्वेदी, कन्हैया सूरमा, मनीष बंटी माहेश्वरी आदि मौजूद रहे। वहीं हिउस द्वारा शहर में 45 से ज्यादा झांकी स्थलों पर पहुंचकर गणेश झांकी समितियों को पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा डोल ग्यारस के विमान अध्यक्षों, मंदिरों के पुजारियों सहित बिजली कंपनी द्वारा बेहतर लाइट व्यवस्था सप्लाई, गणेश झांकियों के पंडालों की साफ सफाई व्यवस्था रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों का भी सम्मानित किया गया।